तापमान
अधिकतम 29 .4 डिग्री
न्यूनतम 7.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

10 वर्तमान शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन पर कार्य ...



11 नवयुग विद्यार्थियों में छात्रों ने देखा परीक्षा पर ...



## खबर संक्षेप

### झगड़े के मामले में आरोपी जांच शामिल

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज लड़ाई-झगड़े के मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन उर्फ कटोरा को शामिल जांच किया है। पीड़ति महिला ने 28 दिसंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अर्जुन उर्फ कटोरा व अन्य ने उससे लड़ाई झगड़ा करने मारपीट कर गाड़ियों को तोड़ते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहित उर्फ कपिल को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शिकायतकर्ता साबिर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 दिसंबर 2024 को आरोपी ने उसका मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### रंजिशन में व्यक्ति को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर की बैंक कॉलोनी में रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने रामेश्वर नगर गोविंदपुरा निवासी संजू के साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी पिता-पुत्र समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रामेश्वर नगर गोविंदपुरा निवासी संजू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही राहुल व रोहित के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे।



**यमुनानगर।** मनभर वाला के पास मिले शव के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

### शराब के ठेके के पास मिला युवक का शव

**यमुनानगर।** जिले के बीकेडी रोड पर गांव मनभर वाला के पास शराब के ठेके के नजदीक एक युवक का शव पड़ा मिला। शरीर पर चोट के निशान थे और पास ही खून पड़ा हुआ था। जिससे युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छछरौली थाना प्रभारी अमरजीत ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि बीकेडी रोड पर गांव मनभर वाला के पास शराब के ठेके के नजदीक युवक का शव पड़ा हुआ है।

# तरावड़ी: स्क्रैप गोदाम में लगी आग से प्लास्टिक और तारें जलकर राख, 4 रेहड़ियां भी जलकर खाक

- आग किस कारण से लगी इसकी फिलहाल जांच की जा रही
- फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे और बड़ा नुकसान होने से बच गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी में सर्विस रोड पर स्थित एक स्क्रैप गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और प्लास्टिक, तारें, पुराने टायर समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग लगते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत गोदाम मालिक को सूचना दी, जिसके बाद उसने फायर ब्रिगेड और पुलिस को जानकारी दी। आग किस कारण से लगी इसकी फिलहाल जांच की जा रही है। गोदाम के मालिक जसकरण ने बताया कि उसका स्क्रैप का बड़ा गोदाम है। जिसमें प्लास्टिक और लोहे का अलग-अलग ढेर लगा हुआ था। अचानक आग लग गई, जिससे प्लास्टिक और तारें जलकर पूरी तरह राख हो गए। आग कैसे लगी, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग इतनी तेज थी कि वहां खड़ी चार रेहडि़यां भी उसकी चपेट में आ गईं और जलकर राख हो गईं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंच गए।

इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। गोदाम मालिक के अनुसार इस आगजनी में हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम भी मौके पर पहुंची। इंचार्ज सुभाष चंद्र ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे और बड़ा नुकसान होने से बच गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। तरावड़ी थाना पुलिस को भी मामले की जानकारी दे दी गई है और अगर कोई शिकायत मिलती है, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**तरावड़ी।** मौके पर पहुंची पुलिस जांच करती हुई। फोटो: हरिभूमि



**अंबाला।** चोरी के वाहनों के साथ पकड़े ग आरोपी। फोटो: हरिभूमि

### सात बाइकों सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के मामले में पुलिस ने आरोपी शाहरूख खान व आकाश को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी के कुल आठ वाहन बरामद किए गए हैं। 9 फरवरी 2025 को गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शाहरूख खान व आकाश नशा करने के आदी हैं। दोनों आरोपी चोरी करके नशे की पूर्ति करते हैं। पुलिस को यह भी सूचना मिली थी कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल पर अन्य वाहन चोरी करने के लिए घूम रहे हैं। पुलिस ने गांव टंगेल के पास नाकाबंदी कर दोनों आरोपियों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ काबू किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों से सिलसिलेवार पूछताछ की। जांच के दौरान ही पुलिस ने आरोपियों के साथ सात चोरी के मोटरसाइकिल जब्त किए हैं। इनमें दो मोटरसाइकिल रेहड़ीनुमा बताए जा रहे हैं। अभी पुलिस मामले जुड़े दूसरे पहलुओं पर भी जांच कर रही रही है।

### यमुनानगर के हनुमान कॉलोनी की घटना

# आर्थिक तंगी के चलते राज मिस्त्री ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

- शोभा यात्रा में शामिल होने गए थे परिवार के सदस्य, घर पर अकेला था राजमिस्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की हनुमान कॉलोनी में आर्थिक तंगी से परेशान राजमिस्त्री ने देर शाम अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतक घर पर अकेला था उनके परिवार के सभी सदस्य शोभायात्रा में शामिल होने के लिए गए थे। जब परिवार के सदस्य वापस लौटे तो राजमिस्त्री फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। उतर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव अम्बेहटा पीर निवासी 35 वर्षीय सुनील हनुमान कॉलोनी में किराये के मकान में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। सुनील के पास छह बच्चे है। वह राजमिस्त्री का काम करता था। रविवार को उसकी पत्नी बच्चों को लेकर शोभायात्रा में शामिल होने के लिये गई हुई थी। सुनील घर पर अकेला था। बताया जा रहा है कि सुनील आर्थिक तंगी के चलते परेशान था। जिस कारण उसने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी व बच्चे जब शाम को घर लौटे तो उन्होंने सुनील को फंदे पर लटका देखा। यह देखकर उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के सिविल अस्पताल में राजमिस्त्री द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

### हरबंसपुरा कॉलोनी में युवक ने की खुदकुशी

- मानसिक परेशानी के कारण युवक ने उठाया कदम

**यमुनानगर।** 24 वर्षीय आकाश नशे का आदी था। जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। रविवार रात वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह जब वह नहीं जागा तो परिवार के सदस्यों ने उसे आवाज लगाई। मगर अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। जब परिवार के सदस्यों ने खिड़की से देखा तो आकाश फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर आकाश को फंदे से नीचे उतारा मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### खनन सामग्री से भरे डंपर का ई-रवाना नहीं दिखा पाया डंपर चालक

# खनन विभाग की टीम के साथ डंपर मालिक-बेटे ने की हाथापाई

- डंपर मालिक व उसके बेटे को सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का भी आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अवैध खनन को रोकने के लिए प्रतापनगर क्षेत्र के गांव किशनपुरा के पास वाहनों की जांच कर रहे खनन विभाग की टीम के साथ खनन सामग्री से भरी डंपर मालिक व उसके बेटे ने हाथापाई की। विभाग की टीम ने गाड़ी चालक को ई रवाना दिखाने के लिए कहा था। मगर आरोपी गाड़ी चालक ई रवाना नहीं दिखा पाया। डंपर के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही डंपर का मालिक व उसका बेटा मौके पर पहुंचे और टीम के साथ गाली गलौच कर हाथापाई करने लगा। आरोपियों पर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार खनन अधिकारी चंद्र भूषण तिवारी ने प्रतापनगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि खनन विभाग की टीम अवैध खनन रोकने के लिए गांव किशनपुरा के पास वाहनों की जांच कर रही थी। टीम में खनन रक्षक लक्ष्य मेहता, खनन रक्षक रविद्र कुमार, खनन रक्षक मदन लाल, हवलदार अमरीक सिंह मौजूद थे। इस दौरान किशनपुरा बैरियर के पास एक डंपर खनन सामग्री लेकर आ रहा था। विभाग की टीम ने जब डंपर चालक को रोककर उसे ई रवाना दिखाने के लिए कहा तो आरोपी डंपर चालक ई रवाना नहीं दिखा पाया। डंपर चालक ने इसकी सूचना गाड़ी के मालिक महावीर उर्फ गुल्लु को दी। सूचना मिलते ही महावीर और उसका लडका निशांत मौके पर पहुंचे। इसके बाद दोनों आरोपी ड्यूटी पर तैनात विभाग की टीम के कर्मचारियों के साथ गाली गलौच व हाथापाई करने लगे। टीम ने मामले की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को आता देखकर दोनों आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। प्रतापनगर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हाथापाई करने, जान से मारने की धमकी देने तथा सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अमेरिका भेजने का झांसा देकर 17.50 लाख ठगे, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव बलाना निवासी मनोज कुमार को अमेरिका भेजने का झांस देकर 17.50 लाख रुपये ठग लिए गए। वहीं, थाना इसराना पुलिस को दी शिकायत पर मनोज कुमार ने बताया कि उनके गांव से कई युवक विदेश जाकर अच्छी कमाई कर रहे थे। इसी से प्रेरित होकर उन्होंने भी विदेश जाने का फैसला किया। एक जानकार के माध्यम से उनकी मुलाकात मुंबई के लखविंद्र सिंह से हुई।

दोनों के बीच 35 लाख रुपए में डील तय हुई। शुरुआत में लखविंदर ने वीजा के लिए 2 लाख रुपए की मांग की। वहीं, मनोज ने महिपालपुर दिल्ली एयरपोर्ट के पास मिलकर पासपोर्ट के साथ पैसे सौंप दिए। आरोपी ने यूएस का वीजा न मिलने का बहाना बनाया और दुबई के रास्ते भेजने के लिए 9 लाख रुपए और मांग लिए।

### तरावड़ी में चोरी की वारदात

# चोरी करने आये चोर को मकान मालिक ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

सोमवार को तडक़े चोरी करने आए चोर को मकान मालिक ने पकड़ा और पुलिस को बुलाकर पुलिस के हवाले किया। यह घटना सुबह सोमवार लगभग 4:00 बजे के आसपास की है। मकान मालिक सोनू सुपुत्र सुभाष चन्द निवासी चौधरी महोल्ला ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि सुबह लघु शंका के लिए बाहर बने वॉशरूम में जाने लगा तो सामने देखा की कमरे में लाइट जल रही है। लाइट जलने से उसको शक हुआ कि कोई अंदर है जब कमरे के अंदर जाकर देखा तो लगभग 35 वर्ष युवक सामान बिखेर रहा है और थैले को भर रहा था। सोनू ने उसको पकडऩे की कोशिश की युवक ने चाकू निकाल कर हमला करने लगा। गनीमत रही कि सोनू को चाकू नहीं लगा कशमकश में मकान मालिक सोनू ने बाहर से जाकर कमरे का दरवाजा बंद करके बाहर से कुंडली लगा दी और आसपास के लोगों कोई इकट्ठा कर लिया, साथ ही 121 पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने चोर को पकड़ा और तलाशी चांदी के जेवर में चांदी के सिक्के मिले।



## कुरुक्षेत्र: नशे के खिलाफ किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल यात्रा निकाल कर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक कर है। वे पिपली से नरकातारी पहुंचे और राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 7 दिवसीय शिविर में नशे के विरुद्ध व्याख्यान देकर स्वयंसेवकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि माथुर और संयोजक हर्ष ने डॉ. अशोक कुमार वर्मा का स्वागत किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5918 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुंचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित कर 5201 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। इसके साथ कोई नया व्यक्ति इस नशे की दलदल में न फंसे इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की गयी है और वह है नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम, नून लौटा के माध्यम से शपथ, बकेट चैलेंज, राम गुरुकुल गमन मंचन आदि।

**कार्यक्रम** मंत्री पंवार ने कनीपला के राजकीय स्कूल में किया परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ

# राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी उत्तीर्ण कर रहे आईएएस की परीक्षाएं

*परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को मानसिक रूप से तनाव में नहीं रहना चाहिए*

- बच्चे स्कूल में खेले, कूदे और निरंतर कक्षाएं लगाकर ज्ञान अर्जित करे तथा तनाव मुक्त होकर परीक्षाएं दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी आईएएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को उर्तीण कर रहे है। इन स्कूलों से आईएएस और अन्य उच्च पदों को हासिल करने के सैकड़ों उदाहरण सबके सामने है। इसलिए अभिभावकों को अपने बच्चों को राजकीय स्कूलों में शिक्षा के लिए भेजना चाहिए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार सोमवार को गांव कनीपला के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा विभाग की तरफ से आयोजित परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर, वाइस चेयरमैन डीपी चौधरी ने दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑन लाइन प्रणाली के माध्यम से देश के करीब साढे तीन करोड़ विद्यार्थियों को 8वें अंक के परीक्षा चर्चा कार्यक्रम के दौरान तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने के टिप्स दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षाओं के दौरान खूब पढ़ना चाहिए और बिना तनाव के परीक्षा देनी चाहिए। सभी विद्यार्थियों का एक लक्ष्य होना चाहिए कि पढकर अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करे ना कि अधिक से अधिक अंक हासिल करे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाओं के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विद्यार्थियों को परीक्षा पर चर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित करने का काम कर रहे है। इन परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को मानसिक रूप से तनाव में नहीं रहना है, बच्चें स्कूल में खेले, कूदे और निरंतर कक्षाएं लगाकर ज्ञान अर्जित करे तथा तनाव मुक्त होकर परीक्षाएं दे। सभी विद्यार्थियों के अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी दिनचर्या पर पूरा फोकस रखना चाहिए और किसी प्रकार की लापरवाही भी नहीं बरतनी चाहिए।



**कुरुक्षेत्र।** गांव कनीपला के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मौजूद हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

### उस्ताद मुजतबा अब तक 300 से भी अधिक फिल्मों में बांसुरी वादन कर चुके

# बांसुरी वादक डॉ उस्ताद मुजतबा हुसैन को आचार्य बालकृष्ण ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वेद विद्या शोध संस्थान, पिपली के संचालक स्वामी सम्पूणानंद के कुशल मार्गदर्शन में 1 से 12 फरवरी तक धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर के पावन तट पर स्थित योग भवन, में चल रहे बारह दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ में पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से विशेष रूप से आमंत्रित अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन को पतंजलि हरिद्वार से पधारे प्रसिद्ध आयुवेर्दाचार्य आचार्य बालकृष्ण द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उस्ताद मुजतबा जी अब तक 300 से भी अधिक फिल्मों में बांसुरी वादन कर चुके हैं व उन्हें अनेक विशिष्ट सम्मानों से भी सुशोभित किया जा चुका है। वे आचार्य बालकृष्ण के साथ यज्ञ में उपस्थित रहे। स्वर्गीय रविन्द्र जैन द्वारा रचित रामायण सीरियल की प्रसिद्ध चौपाई राम सिया राम सिया राम जय जय राम बांसुरी पर वादन कर सभी गणमान्य उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में उनके शिष्यों डॉ कुकरेजा, राहुल, शिव व अन्य शिष्यों विष्णु, स्नेहा व वंदिता सहित गुरुकुल के बारह ब्रह्मचारियों ने बांसुरी पर ॐ ध्वनि व गायत्री मंत्र से प्रारम्भ किया। उनसे लिए गए एक साक्षात्कार में कुरुक्षेत्र में उनके शिष्य प्रतिनिधि के तौर पर हरियाणा योग आयोग के सदस्य एवम पूर्व में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला द्वारा बांसुरी के लिए नामित गुरु डॉ. कुकरेजा कुरुक्षेत्र में व अन्य कई शिष्य अन्य प्रदेशों में बांसुरी वादन शिक्षा का प्रचार प्रसार कर रहे है। उनका एक सपना है कि कृष्ण की कर्मनगरी एवं गीतास्थली कुरुक्षेत्र की प्रत्येक गली में बांसुरी की आवाज गूंजे। बांसुरी वादन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों को आशीर्वाद देते हुए अभ्यास करने की प्रेरणा दी।



**खबर संक्षेप**



## महासत्संग को जनसंपर्क अभियान चलाया


**करनाल।** आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से आयोजित किए जाने वाले समर्पण महासत्संग की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही हैं। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए करनाल चैप्टर के स्वयंसेवकों और शिक्षकों ने जनसंपर्क अभियान चलाया। घरौंडा, कुटेल व इंद्री में घर-घर जाकर तथा दुकानदारों और राहगीरों को महासत्संग के लिए आमंत्रित किया गया। उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी को सेक्टर 32 में महासत्संग का आयोजन किया जाएगा। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी अपने अमृत वचनों से भक्तों को आध्यात्मिक प्रेरणा प्रदान करेंगे और सत्संग की दिव्य अनुभूति कराएंगे। कार्यक्रम का समय शाम 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक रखा गया है। महासत्संग में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### अमेरिका से जबरन भारत भेजे गए हरियाणा के दंपती की व्यथा

# करनाल के दंपती ने डंकी रूट से जाने में 1.20 करोड़ रुपये गंवा दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अमेरिका से जबरन भारत भेजे गए हरियाणा के दंपती ने डंकी रूट से जाने में 1.20 करोड़ रुपए गंवा दिए। इस चक्कर में उन्होंने अपना घर भी बेच दिया। अब वापस लौटकर किराए के मकान में रह रहे हैं। डोंकरों को जब और रुपए नहीं मिले तो पत्नी और 2 बच्चों को पीटा गया। उन्हें करंट लगाया गया। यही नहीं, जब अमेरिका में सख्ती देख उन्होंने एंट्री से मना किया तो मैक्सिको बॉर्डर पर बनी दीवार से उन्हें जबरन अमेरिका में धकेल दिया गया। 5 दिन पहले 5 फरवरी को जंजीरों में बंधकर वापस लौटे कुरुक्षेत्र के परमजीत ने अब डंकी रूट की भयावह कहानी बताई। बच्चों के लिए पहले करनाल छोड़ा, एजेंट्स ने अमेरिका भेजने का भरोसा दिया करनाल के हैबतपुर के परमजीत ने बताया कि वे और उनकी पत्नी ओमी देवी 5वीं तक ही पढ़े हैं। उनके एक बेटा और एक बेटी है। वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहते थे। इसीलिए करनाल छोड़ कुरुक्षेत्र में रहने लगे। इस दौरान सलिंद्र, जिंदा और रिंकू उन्हें मिले। तीनों ने कहा कि उसे परिवार समेत अमेरिका भेज देंगे। वहां जाते ही नौकरी मिल जाएगी एजेंट्स ने कहा कि परिवार में हर व्यक्ति के 30-30 लाख रुपए लगेंगे। चारों का उन्होंने 1.20 करोड़ रुपया मांगा। उनकी बातों में आकर वे बच्चों के भविष्य को देखते हुए अमेरिका जाने के लिए राजी हो गए। उन्होंने डेढ़ लाख रुपया एडवांस और अपना पासपोर्ट दे दिया। उनकी पत्नी का पासपोर्ट नहीं बना था, इसके लिए 8 लाख रुपए और 74 लाख में अपना घर बेचा, दिल्ली से रोम-पेरिस पहुंचाया एजेंट्स ने जब उन्हें अमेरिका के लिए सारी तैयारियां होने की बात कही तो उन्होंने अपना 74 लाख का घर बेच दिया। 18 दिसंबर को आरोपियों ने उनसे 40.50 लाख रुपए कैश ले लिए। इसके बाद 21 दिसंबर 2024 को उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट से पहले रोम और फिर पेरिस पहुंचाया। यहां उन्होंने वॉट्सऐप कॉल कर कहा कि पनामा जाने वाली फ्लाइट रद्द हो गई है। उनको 27 दिसंबर को कोस्टारिका भेजा गया । इसके बाद एजेंट्स ने बताया कि उन्हें गाड़ी से मैक्सिको तक जाना पड़ेगा। फ्लाइट से न भेजने की वजह से करीब 15 दिन बाद वह गाड़ी से मैक्सिको पहुंचे। यहां जाते ही उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया गया। उनके पासपोर्ट और मोबाइल छीन लिए गए। वहां मौजूद डोंकरों ने उनसे और पैसे मांगने शुरू कर दिए। रुपए न मिलने पर पीटा, बच्चों को मारने की धमकी दी जब उन्होंने कहा कि अमेरिका पहुंचाने के बाद पेमेंट करा देंगे, तो डोंकरों ने उन्हें बुरी तरह से पीटा। पत्नी-बच्चों से भी मारपीट की गई। उन्हें सिर्फ इतना ही खाना दिया गया कि वे जिंदा रह सकें। पेमेंट न मिलने पर उनके बच्चों को करंट लगाया गया। बच्चों को जान से मारने की धमकी दी गई। मामा के बेटे को वॉट्सऐप कॉल कर 70 लाख दिलाए इससे वह बुरी तरह से डर गए। जिन बच्चों के भविष्य के लिए वह अमेरिका जा रहे थे, उन्हीं की जिंदगी खतरे में पड़ गई। इस वजह से उन्होंने 15 जनवरी 2025 को मामा के बेटे को वॉट्सऐप कॉल की।



**बच्चों की जिंदगी खतरे में**

बच्चों की जिंदगी खतरे में है। जिसके बाद उसने एजेंट्स को बकाया 70 लाख रुपए दे दिए।डोंकरों ने बच्चों को मारने की धमकी देकर बॉर्डर पार कराया रुपए मिलने के बाद एजेंट्स ने डोंकरों से बात की। फिर उन्हें अमेरिका के बॉर्डर पर ले गए। तब उन्हें पता चला कि अमेरिका में अवैध रूप से रहने वालों के खिलाफ सख्ती शुरू होने वाली है। इसलिए उन्होंने वहां एंट्री करने से मना कर दिया। यह देख डोंकरों ने फिर उनके बच्चों को मारने की धमकी दी। जिसके बाद जबरन उन्हें मैक्सिको की दीवार पार कराकर अमेरिका में धकेल दिया।इसक बाद डाकरा न उनक अमारका म एट्रा करन का वाडिया बनाई। इस वीडियो को उन्होंने एजेंट्स को भेज दिया। उनका मोबाइल भी रीसेट करा दिया। हालांकि, अमेरिका में एंट्री करते ही अमेरिकन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उन्हें कैंप में रखा। 5 फरवरी को परिवार समेत उन्हें जंजीरों में जकड़कर वापस अमृतसर एयरपोर्ट डिपोर्ट कर दिया गया।

# एससी-एसटी विद्यार्थियों का नि:शुल्क दाखिला

### हर वर्ग तक उच्च शिक्षा पहुंचा रहा इग्नू

- 300 रजिस्ट्रेशन फीस और 200 रुपये डेवलपमेंट फीस देनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की एससी-एसटी विद्यार्थी जिन्होंने अभी 10+2 की परीक्षा पास की है वे सभी इग्नू के तीन ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों बीएएम, बीएससीएम और बीकॉमएफ कोर्स में निशुल्क दाखिला ले सकते हैं. निशुल्क दाखिले के लिए विद्यार्थी के माता-पिता की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें सिर्फ 300 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस और 200 रु डेवलपमेंट फीस देनी होगी। इग्नू में दाखिला इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट ignouadmission. samarth. edu.in पर जाकर करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है इग्नू में जनवरी 2025 सेशन के लिए एडमिशन अभी चल रहे है इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में एडमिशन ले सकते हैं। प्रवेश के लिए कोई भी अधिकतम आयु सीमा नहीं है। दाखिले के लिए उम्मीदवारों को फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, शैक्षिक योग्यता के प्रमाणपत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, श्रेणी प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र और बीपीएल प्रमाण पत्र (योग्य होने पर) की स्कैन की गई कॉपी की जरूरत होगी। उम्मीदवारों को आवेदन फॉर्म में अध्ययन का तरीका, प्रोग्राम का प्रकार, मुख्य विषय की जानकारी भरनी होगी। आवेदन फॉर्म में गलती होने पर उसे सुधारने का मौका दिया जाएगा। इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 15 फरवरी है।

# रेशमा कल्याण मीरा के लेखन में गहरी तड़प, हर किसी के मन तक पहुंचती हैं रेशमा की रचनाएं

- लेखिका रेशमा कल्याण मीरा की कविताओं व कहानी संग्रह पर आधारित पुस्तकों का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



रविवार का दिन लेखिका रेशमा कल्याण मीरा की कविताओं व कहानी संग्रह पर आधारित उनकी तीन नई पुस्तकों के विमोचन के साथ साथ उनकी नाट्य आर्तरिक अभिनय प्रतिभा के मंचन का अविस्मरणीय दिन था। लेखिका रेशमा कल्याण मीरा के दो काव्य संग्रह किश्ती बादबानी ( दास्तानों की नज्मगोई ) अकेला लैंप पोस्ट व लघु कथा संग्रह मुरब्बा से मोक्ष तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के उपाध्यक्ष डा. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने रेश्मा कल्याण के लेखन को उच्च श्रेणी के लेखन का नाम देते हुए उनसे लगातार लिखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रेशमा ने अपनी कविताओं में नारीमन की सूक्ष्म परतों को खोलने का प्रयास किया है, उनके लेखन में ऐसी तड़प है जो हर किसी के मन तक पहुचती है, कल्याण ह्रदय से लिखती हैं, इसलिए उनकी रचनाएं दिल को छूती हैं। मौके पर हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक व उपाध्यक्ष व निदेशक हरियाणा उर्दू अकादमी डा. चंदर त्रिखा ने कहा कि रेशमा कल्याण अजूबा हैं, क्योंकि वो कविता, कहानी, पेंटिंग, रंगमंच में भी अव्वल हैं ,वे संवेदनशील हैं, संवेदनशीलता ही रचनाकार को उम्दा रचनाकार बनाती है लेकिन अफसोस इस बात का है कि आज संवेदनशीलता गुम होती जा रही है, ऐसे में रेशमा कल्याण जैसे रचनाकारों की जरूरत ओर बढ़ जाती है। रिटायर्ड आईएएस साहित्यकार डा. सुमेधा कटारिया ने कहा कि जिस तरह से नारीमन के अंतर्मन की गंभीर व्याख्या लेखिका रेशमा कल्याण ने की है वह जीवन की सच्चाई है, हर महिला को अपने अपने मोर्चे पर ये सहना होता है।

## फिर से देसराज गुप्ता बने श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष

**करनाल।** श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट करनाल की बैठक पुरानी अनाज मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक राजेश सिंघला ने की। बैठक में देसराज गुप्ता के कार्यों को देखते हुए पुनः अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने सहमति जताते हुए देसराज गुप्ता को श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट का अध्यक्ष चुन लिया गया। ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने देसराज गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर देसराज गुप्ता ने कहा कि ट्रस्ट ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है। वह अपनी जिम्मेदारी को पहले की तरह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। समाज की सेवा के लिए वह तत्पर रहे है।

# सर्वसम्मति से शिमला देवी को मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन का प्रधान चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मिड डे मील वर्कर यूनियन जिला करनाल का चुनाव सीटू राज्य महासचिव जय भगवान की देखरेख में मानव सेवा संघ में सम्पन्न हुआ। चुनाव कार्यक्रम की अधयक्षता जिला प्रधान शिमला देवी ने की व संचालन जिला सचिव संतोष ने किया।

चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, जगपाल राणा, जयभगवान व ओ.पी माटा मौजूद रहे। सर्वसम्मति से शिमला देवी को प्रधान चुना गया। इसके अलावा सचिव संतोष असंध, कैशियर ओम प्रकाश माटा, उपप्रधान कमलेश घरौडा, मुर्ती करनाल, कमलेश डाचर, सहसचिव अनीता नीलोखेड़ी, नीलम करनाल व ममता घरौंडा चुने गए। कार्यकारिणी में सदस्यों के रूप में कविता असंध, ममता इंद्री, बाला देवी निसिंग और सीमा कुराली को शामिल किया गया है। जिला प्रधान शिमला देवी, कैशियर ओ.पी. माटा व संतोष ने कहा कि मिड डे मील वर्कर यूनियन के हर आंदोलन में बढचढकर भाग लेंगी। इस अवसर पर मनोज कुमार, सुशील गुर्जर, सेवा राम, जगपाल राणा, बाला देवी, संतोष, अनीता, कविता, कमलेश, ममता व सत्या ने वर्करों को संबोधित किया।



## करनाल नगर निगम में भाजपा का मेयर और 20 वार्डो में रिकॉर्ड मतों से बनेंगे भाजपा के पार्षद:- जगमोहन

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हर नागरिक भाजपा की नीतियों से संतुष्ट है और उन्हें पूरा विश्वास है कि करनाल नगर निगम में भाजपा का मेयर बनेगा और 20 वार्डो में रिकॉर्ड मतों से भाजपा के पार्षद बनेगें। विधायक जगमोहन आनन्द सोमवार को स्थानीय कर्ण कमल कार्यालय में नगर निगम चुनावों को लेकर आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जिस भी कार्यकर्ता को मेयर की तथा पार्षद की टिकट दी जाएगी, उस कार्यकर्ता के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुटता और उत्साह के साथ भाजपा की जीत के लिए चुनावी मैदान में पूरी मेहनत और लग्र के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी में हर कार्यकर्ता का पूरा मान-सम्मान किया जा रहा है, किसी के मान-सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही मेयर के लिए और सभी 20 वार्डों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी इसके लिए नाम चुनाव कार्य समिति को भेज दिए गए है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि करनाल नगर निगम में भाजपा का मेयर बनेगा और सभी 20 वार्डों में नगर निगम के पार्षद बनेगें। प्रदेश में नगर निकाय चुनावों के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार कार्य करेगी और लोगों के काम और तेज गति से होगें।

# जीवनशैली में बदलाव लाकर हम बना सकते हैं अपने स्वास्थ्य को बेहतर : डॉ. मुकेश गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




आज के समय में हमें अपने ह्रदय रोगों की रोकथाम, जीवनशैली में बदलाव और समय पर हस्तक्षेप पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इन बातों का ध्यान रख कर आप स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। यह कहना है नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के कार्डियोथोरेसिक व हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल का। वह भारत विकास परिषद (माधव शाखा) के सहयोग से इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा करनाल में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान शहर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रिविलेज कार्ड लॉन्च किया गया। इस कार्ड के जरिए इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में प्राथमिकता सेवाएं और विशेष लाभ प्रदान किया जाएगा। डॉक्टर गोयल ने कहा ने कहा कि ह्रदय रोग एक बढ़ती चिंता है। देश के लगभग सभी हिस्सों में इसका दायरा बढ़ रहा है। ऐसे में लोगों को लोग जागरूक होने की आवश्यकता है। वहीं डॉ. गौरव त्यागी ने पीठ दर्द पर चर्चा करते हुए जेएपी-एक्स प्रक्रिया के बारे में भी बताया, जिसे हाल ही में दिल्ली के अपोलो अस्पताल में शुरू किया है। यह तकनीक, जो ब्रेन ट्यूमर के लिए एक गैर-आक्रामक रेडियो सर्जरी है, एक सुरक्षित उपचार विकल्प प्रदान करती है। इस बीच इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के लिवर प्रत्यारोपण और एचपीबी सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नीरव गोयल ने कहा कि इस पहल के जरिए हमारा लक्ष्य लिविंग डोनर व लिवर प्रत्यारोपण जैसी जीवन रक्षक चिकित्सा प्रगति के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस दिशा में यह प्रिविलेज कार्ड करनाल के लोगों की काफी मदद करेगा। इससे यहां के लोगों के लिए उन्नत उपचार अधिक सुलभ हो जाएंगे। इनके अलावा, इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के न्यूरो सर्जरी विभाग के सलाहकार डॉ. गौरव त्यागी ने कहा स्वास्थ्य पर चर्चा का यह कार्यक्रम उभरते स्वास्थ्य देखभाल समाधानों को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अहम मंच है।



## करनाल नगर निगम चुनावों में राजपूत समाज के लोगों को दिया जाए टिकट

**करनाल।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद राजपूत समाज ने एक बार फिर एकजुट होकर निकाय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा टिकटों की मांग की है। इस संबंध में राजपूत सभा करनाल के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की नगर निगम के चुनाव 2 मार्च को होने वाले हैं। करनाल नगर निगम में राजपूत समाज के वोट निर्णायक संख्या में है। पहले भी समाज के निगम पार्षद रहे हैं।इसलिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से आग्रह किया जाता है कि नगर निगम चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी विभिन्न वार्डों में राजपूत समाज के लोगों को टिकट दे ताकि राजपूत समाज को भी प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने जो आवेदन लिए हैं उनमें कई वार्ड से समाज के लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए हैं। इन आवेदन पर गंभीरता से गौर किया जाए और कम से कम दो से तीन वार्डों में टिकट दिए जाएं। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, राजपूत सभा के महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा, एडवोकेट मानसिंह राणा, प्रवीण चौहान, अनिल चौहान सहित काफी संख्या में समाज सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसएमएस पब्लिक स्कूल में हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



**तरावड़ी।** प्रबंधक गुरशरण ग्रेवाल व प्राचार्या डॉ विभा कौशिक मिस फेयरवेल समरीन कौर व मिस्टर फेयरवेल चेतन को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित करते हुये।

एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में विदाई समारोह विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने मिस फेयरवेल समरीन कौर को व विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने मिस्टर फेयरवेल चेतन को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

इस समारोह में विद्यालय में संस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं के लिए गेम, संगीत, नृत्य आदि गतिविधियां करवाई गई । विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विदाई एक ऐसा पल है जब हमें अपने अतीत की यादें संजोने का मौका मिलता है और भविष्य के सपनों को बुनने का समय मिलता है। यह वो समय है जब आप अपने अनुभवों से सीखते हैं और अपने अगले सफर की तैयारी करते हैं। आपने यहाँ जो कुछ भी सीखा है, वह आपकी आने वाली जिंदगी में हमेशा काम आएगा आपके साथ रहेगा। लक्ष्यों को हासिल करें, और अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें। विदाई समारोह के दौरान सभी सम्मानित टीचरों ने आगामी परीक्षा के विषय में विघार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए कहा कि विद्यार्थी अपनी रुचि व क्षमता को पहचाने और उसी क्षेत्र में पूरे परिश्रम के साथ प्रयत्न करें। सभी ने विधार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदाई दी।



## एनसीसी कैडेट्स का गणतंत्र परेड में भाग लेना गौरव की बात: प्रोफेसर रामपाल सैनी

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स प्ररेणा के 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड में भाग लेने के बाद कॉलेज में पहुंचने पर प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए स्वागत किया, साथ ही 5100 रुपए का नकद पुरस्कार देते हुए फीस माफ करने व सभी तरह की सुविधा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज, जिले सहित अपने मां-बाप का नाम रोशन किया है। प्राचार्य ने मौजूद कैडेट्स के माता-पिता को भी सम्मानित किया तथा बधाई दी।उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेना गौरव की बात है, जो दुसरे विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है, प्राचार्य ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स में देश भक्ति की भावना पैदा करती है, जिसमें विद्यार्थियों में देश सेवा और राष्ट्रीय चरित्र का विकास होता है। उन्होने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा करने और उसे सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने एनसीसी अधिकारी डॉ बलराम शर्मा को बधाई देकर पीठ थपथपाते हुए इस उपलब्धि को उनकी कामयाबी बताया। इस मौके पर डॉ विपिन नेवट, डॉ अमोल,अमरेश, विरेन्द्र सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में परीक्षा पे चर्चा का लाइव क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में परीक्षा पे चर्चा पर एक विशेष लाइव क्लास का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के दौरान मानसिक तनाव को कम करने, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और बेहतर तरीके से तैयारी करने के उपाय प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड का उपयोग किया गया, जिससे विषयवस्तु को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सका। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा में साझा किए गए महत्वपूर्ण विचारों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने और इसे एक सहज अनुभव बनाने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। प्रधानमंत्री ने न केवल छात्रों को परीक्षा तक सीमित रहने, बल्कि आजीवन सीखने की आदतें विकसित करने की सलाह दी। साथ ही साथ परीक्षा के लिए रचनात्मक तरीके और तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं, ताकि वे तनाव से दूर रहते हुए अपनी तैयारी को और प्रभावी बना सकें।

प्रधानमंत्री ने छात्रों को ध्यान (मेडिटेशन), एकाग्रता बढ़ाने और प्राणायाम के माध्यम से चिंता को नियंत्रित करने के तरीके सिखाए। उन्होंने श्वास-प्रश्वास की तकनीकों को भी विस्तार से समझाया, जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और परीक्षा की तैयारी में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। कार्यक्रम की सफलता में कॉलेज के शिक्षकों, तकनीकी स्टाफ और छात्रों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. रिज़वान, प्रिंसिपल, बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, डॉ. प्रीति गुनवाल, विभागाध्यक्ष (एचओडी ), और सहायक प्रोफेसर सुश्री प्रीति कौशल, सुश्री दीपाली, सुश्री मुकेश, श्री गिरिराज और अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### जनता की हर समस्या का हल होगा

**पानीपत।** जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जो टीम पूरी तरह से लिब्रल होकर मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती है निश्चित रूप से वह टीम जीत हासिल करती है। हमें भी इसी पद्धति पर कार्य करना है व जनता की समस्याओं का समन्वय स्थापित करके समाधान करना है। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का एक-एक पल स्मरणीय है। इसमें किसी भी प्रकार की स्ट्रेस ना ले व हंसी - खुशी पूर्वक कार्य करके जनता की समस्याओं का निश्चित समय अवधि में समाधान करें।

### सीआईए टू पुलिस टीम ने नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने असंध रोड फ्लाई ओवर पुल के नीचे नशा तस्कर अरूण पुत्र सुरेश मूल निवासी निवासी गांव नया बास जिला शामली, उत्तर प्रदेश हाल निवासी भारत नगर, पानीपत को 321 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**समालखा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने राक्सेहडा गांव में यहां के ही निवासी रविंद्र पुत्र महेंद्र को 1 किलो 946 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि आरोपी रविंद्र के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जबकि कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### मोबाइल छीनने वाला आरोपित पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने सनौली रोड पर ई रिक्शा चालक राहुल निवासी जावा कॉलोनी, पानीपत से मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल विकास उर्फ विक्का निवासी गांव बांध जिला पानीपत को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि स्निचंग के इस मामले में आमीन, विनीत व आलीन को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना चांदनी बाग में केस दर्ज है।

### छात्र की हत्या के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने खटीक बस्ती में छात्र ऋषभ की धारदार हथियार से हत्या करने के मामले में फरार आरोपियों विजय व सलमान निवासी खटीक बस्ती, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआइए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने चार साथी आरोपी मोहम्मद फैसल, सौरभ, सभीहुद्दीन उर्फ समीर व समुनी अहमद के अतिरिक्त फरार अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर ऋषभ की हत्या करना स्वीकारा है। वहीं इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में कृष निवासी विराट नगर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### ग्रामीण को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किया

**इसराना।** पानीपत के गांव बांध में छह लाख रुपये के लेनदेन के विवाद में सतीश को अमित ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर, घायल के पुत्र अमित की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमित का आरोप है कि हमलावरों ने गन प्वांइट पर उनके पिता सतीश का अपहरण किया और उनकी पिटाई की, मारपीट में सतीश के शरीर की कई हड्डी टूट गई। आरोपियों ने उसके पिता की सोने की अंगूठी व छह हजार रूपये की नगदी भी छीन ली। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घर से नगदी व जेवर चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के भोला चौक निवासी बादल छाबडा के घर के ताले तोड कर चोरों ने डेढ लाख रुपये कैश, दो चांदी के कड़े, एक चांदी की अंगूठी व एक स्पीकर चोरी कर लिया।

## शिक्षा मंत्री ने मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम देखा

# अनुशासित मेहनत के बल पर मिलती है सफलता : महीपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के उच्च शिक्षा, अभिलेखागार, संसदीय मामले व स्कूल शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव सिवाह के सभागार में परीक्षा पर चर्चा का लाइव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्कूली बच्चों के साथ की गई वार्ता व सवाल जवाबों को दर्शक बन कर पूरा कार्यक्रम इतमिनान से सुना व बाद में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक घंटे के इस कार्यक्रम बच्चों को खुला आसमान देने व अच्छी लेखनी के साथ तनाव पूर्ण माहौल से दूर रहकर परीक्षा देने की बात की सराहना की। शिक्षा मंत्री ढांडा ने कहा कि अनुशासित मेहनत के



**पानीपत।** गांव सिवाह के राजकीय स्कूल में मोदी का कार्यक्रम देखते हुए शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व रणदीप कादियान। फोटो :हरिभूमि

बल पर सफलता मिलती है। परीक्षा को पार करना है उससे डरना नहीं है। परीक्षा चुनौती जरूर है लेकिन ऐसा नहीं है कि उसे पार नहीं पाया जा सकता। इसके लिए अच्छे प्रबंधन की आवश्यकता है। कभी भी निराशा को साथ नहीं रखना है। तनाव मुक्त होकर परीक्षा देनी है। कोई भी परिस्थिति एक जैसी नहीं होती। उन्होंने कहा कि जीवन का अंग ही समस्या है। एक स्टेच्यू बनाकर सोचना है। ऐसा निरंतर प्रयास करने से काफी हद तक अपने आप को चिंता से मुक्त कर लेंगे। उन्होंने अकबर के राज्य के दौरान की एक घटना को बच्चों के सामने एक उदाहरण के रूप में रखा। जिसका सारांश यही निकलता था कि ये वक्त भी गुजर जाएगा। उन्होंने कहा कि अहंकार इंसान के पतन की राह है। वहीं हर इंसान के जीवन अलग अलग रूप में चुनौतियां आती है उनसे घबराना नहीं, ये कभी भी रूकती नहीं। ये जहां परेशानी लेकर आती है वहीं खुशियां भी लेकर आती है। हमें दोनों परिस्थितियों में अपने आप पर नियंत्रण करना है व पार जाना है। बगैर शिक्षक के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। शिक्षक ही आदर सम्मान का केंद्र बिंदु है। इस अवसर पर गांव की सरपंच सुनीता कादियान, रणदीप कादियान व शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बच्चों को पैरों पर खड़ा होने के लिए कठोर मेहनत करनी होगी

- शिक्षा मंत्री ने तकनीकी शिक्षा निदेशालय की फैक्लटी एक्सपोजर विजिट को जाने वाली बस रवाना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

महर्षि कश्यप राजकीय बहुतकनीकी संस्थान गांव जाटल में सोमवार को हरियाणा के उच्च शिक्षा, अभिलेखागार, संसदीय मामले व स्कूल शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सरकारी इंजीनियरिंग, बहुतकनीकी संस्थानों के इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल व इंस्ट्रूमेटेशन से संबंधित 65 शिक्षकों की पहली एक्सपोजर विजिट का फ्लैग ऑफ करने के बाद सभागार में संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण एवं उच्च संस्थानों के दौरे से उनके शिक्षण एवं प्रेक्टिकल की गुणवत्ता में सुधार होगा। नये आयाम जो कि विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कहा कि हरियाणा के बच्चों को पैरों पर खड़ा होने के लिए कठोर मेहनत करनी



शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, फैक्लटी एक्सपोजर विजिट के लिए बस को रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

होगी। इस क्षेत्र में नया करने पर विचार करना होगा। विजन तय करके अच्छे से कार्य करना होगा। हमें अपने कार्य को और गति देनी होगी। विद्यार्थियों को अच्छी कमांड मिलें उस पर ओर जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। अच्छे परिणाम को लेकर हमें प्रयास करने की ओर जरूरत है। इसमें किसी तरह की कोताही न बरतें। संस्थानों में 2025 के सत्र में इसकी शुरूआत दिखाई देनी चाहिए। वहीं, तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह ने कई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पीएचडी के लिए भी दरवाजे खुले है। उन्होंने कहा कि फैक्लटी एक्सपोजर में जाने वाले फैक्लटी मैंबर को आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से उनके प्रयोगशाला एक्सपोजर फैक्लटी विद्यार्थी विचार विमर्श को ध्यान से समझना होगा। इस मौके पर तकनीकी शिक्षा के निदेशक केके कटारिया, अतिरिक्त निदेशक अनिल सहरावत, उपनिदेशक रेनू आर्य, संस्थान प्रधानाचार्य राजीव नरवाल आदि उपस्थित रहे।

# अमेरिका भेजने का झांसा देकर 17.50 लाख ठगे, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।

गांव बलाना निवासी मनोज कुमार को अमेरिका भेजने का झांस देकर 17.50 लाख रुपये ठग लिए गए। वहीं, थाना इसराना पुलिस को दी शिकायत पर मनोज कुमार ने बताया कि उनके गांव से कई युवक विदेश जाकर अच्छी कमाई कर रहे थे। इसी से प्रेरित होकर उन्होंने भी विदेश जाने का फैसला किया। एक जानकार के माध्यम से उनकी मुलाकात मुंबई के लखविंद्र सिंह से हुई। दोनों के बीच 35 लाख रुपये में डील तय हुई। शुरुआत में लखविंदर ने वीजा के लिए 2 लाख रुपए की मांग की। वहीं, मनोज ने महिपालपुर दिल्ली एयरपोर्ट के पास मिलकर पासपोर्ट के साथ पैसे सौंप दिए। कुछ दिन बाद आरोपी ने अमेरिका का सीधा वीजा न मिलने का बहाना बनाया और दुबई के रास्ते भेजने के लिए 9 लाख रुपये और मांग लिए। पीड़ित ने अपनी बहन से 5 लाख और दोस्त से 4 लाख रुपए उधार लेकर आरोपी के खाते में जमा करा दिए। 29 अगस्त 2023 को आरोपी ने पीड़ित को दिल्ली से कुवैत भेज दिया। वहां कुछ दिन रहने के बाद अजरबैजान और मेक्सिको का फर्जी वीजा दिखाकर 4000 डॉलर और ऐंठ लिए। आरोपी ने अमेरिका भेजने का झांसा देकर पीड़ित को दिल्ली एयरपोर्ट पर छोड़ दिया। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगा। वह केवल वॉट्सऐप कॉल के जरिए ही संपर्क करता था। इधर, थाना इसराना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

नगर निगम चुनाव को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए

# 28 फरवरी को होगा मतदान, प्रधान अमित ने बार का सालाना लेखा-जोखा पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत सभी पदों के चुनाव के लिए 11 फरवरी, मंगलवार को नामांकन शुरू हो जाएंगे। चुनाव 28 फरवरी को होगा। इधर, सोमवार को बार एसोसिएशन के प्रधान अमित कादियान ने प्रेस वार्ता कर सोमवार को सालाना लेखा-जोखा पेश किया। अमित ने बार के बैंक खाते में 17 लाख की बचत दिखाई है। इधर, अमित ने बताया कि पिछली बार खाते में छह लाख रुपये बैलेंस था।



पानीपत बार के अध्यक्ष अमित कादियान।

जोकि इस बार बढ़कर 17 लाख रुपए हो गई है। बार प्रधान ने कहा कि यह बचत ऐसे में की गई, जब पहले मेंबरशिप फीस को 1200 से घटाकर 600 रुपये की गई है। साथ ही नए वकीलों की मेंबरशिप फीस को 3100 से घटाकर 2100 की गई है। उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन के खाते में इस बार मेंबरशिप में 10.50 लाख रुपये आए है। इसके अलावा वार्षिक सब्सक्रिप्शन के 14.50 लाख, साइकिल स्टैंड से 20 लाख, अलग मीटर के 13.65 लाख व वेलफेयर टिकट के 11 लाख रुपए खाते में आए है। यानी टोटल 62 लाख रुपए खाते में आए है। इस राशि में से वेतन पर 12.50 लाख रुपये खर्च हुए है। इसी के साथ बार के कार्यक्रमों में 8 लाख, बिजली पैनल के 6.50 लाख, मेडिकल क्लेम के 9.50 लाख, डेथ क्लेम 2.75 लाख, लाइब्रेरी रेनोवेशन के 2:50 लाख, स्टेशनरी के 1.50 लाख व अन्य कामों के 1.50 लाख रुपए खर्च हुए है। कुल मिलकर 44.75 लाख रुपए खर्च हुए हैं। उन्होंने बताया कि सोसाइटी खाते का ओपनिंग बैलेंस 12.50 लाख रुपए से हुई थी। जिसमें बिल रिकवरी के 35 लाख रुपए आए थे।

### गर्भवती महिलाओं में मिली खून की कमी

**पानीपत।** स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा संचालित हरि सिंह कालोनी स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत मासिक कैंप लगाकर सैकड़ों गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें सभी गर्भवती महिलाओं के टैस्ट, अल्ट्रासाउंड एवं दवाइयां भी दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रीना चौधरी ने महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर पुनः जहां स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया वहीं खून में पाई गई कमी को भी पूरा करने के लिए दवाइयां भी दी गई। गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए गुड़ व चना भी वितरित किया गया। शहरी स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. शिव कुमार ने बताया कि शहरी स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ के सदस्य मरीज को बेहतर सेवाएं दे रहे है।

### बाल श्रम करवाना कानूनी अपराध

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम में बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए सभी की सहभागिता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज व प्रशासन की सतर्कता बच्चों के बिगड़ते भविष्य को सुधार सकती है और ऐसे बच्चों के जीवन में उजाला ला सकती है, जो किसी ना किसी कारणवश बाल श्रम के दलदल में फंसे हुए हैं। वहीं, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से बाल श्रम रोकने के लिए पेंसिल पोर्टल भी शुरू किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे जो किसी दुकान या अन्य संस्थान में बाल श्रम के रूप में काम करते हों, उनकी जानकारी श्रम विभाग के पेंसिल पोर्टल, पुलिस थाने और चाईल्ड टोल फ्री हैल्पलाईन 1098 पर सूचना दें सकते हैं।

### युवक का पैर टूटा, केस दर्ज

**समालखा।** समालखा के गांव जौरासी में सोनीपत के गांव चिड़ाना से आई बारात के दौरान हवाई फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई। रविवार रात को एक बाराती द्वारा की गई फायरिंग ने स्थानीय चौपाल की पानी की टंकी को क्षतिग्रस्त कर दिया और मची भगदड़ में कमल पुत्र अजय वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं अजय की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने वाहनों के चालान किए

**समालखा।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस एक्शन मोड में दिखाई दे रही हैं। ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर पुलिस सख्ती से एक्शन ले रही है। सोमवार को चालान ऑनलाइन माध्यम और ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने स्पेशल अभियान चलाकर काटे हैं। इन चालानों में सबसे ज्यादा चालान रॉन्ग साइड ड्राइविंग, बिना सीट बेल्ट ड्राइविंग और बिना हेलमेट ड्राइविंग, बिना सीट बैल्ट, ओवरलोड, अवैध पार्किंग के हैं।

### युवा संसद प्रतियोगिता हुई

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव रजापुर में युवा संसद प्रतियोगिता का करनाल मंडल स्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुरूक्षेत्र से निर्णायक तौर पर विद्या धन वरिष्ठ प्रवक्ता डाईट पलवल, राजेश कुमार प्रवक्ता लोहार माजरा व राजिन्द्र सिंह सहायक प्राध्यापक डाईट पलवल उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम में नरेन्द्र मान, रणबीर जागलान, अजमेर, पुष्पलता, रामपाल, राजेश, राजेन्द्र प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह, सुरेश व अनिल आदि उपस्थित रहे।

# कुपथ को त्याग कर चलना ही धर्म का मार्ग है : मुनि आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मानव को पाप कर्म करते हुए शर्म करनी चाहिए, ये शब्द राष्ट्रसंत, उत्तर भारतीय प्रवर्तक श्री आशीष मुनि ने अग्रवाल मंडी जैन स्थानक में अपने प्रवचन के दौरान कहे। प्रवर्तक जी महाराज यहां तत्व चिंतक उत्तम मुनि जी महाराज, स्वाध्याय साधक विराग मुनि जी महाराज,बालचंद जी महाराज, ठाणा-4 विराजित है। उन्होंने कहा कि आज मानव पाप कर्म बेशर्म होकर करता है। हिंसा करने, झूठ बोलने, चोरी करने, असंयम के रास्ते पर चलने में जरा भी संकोच नहीं करता। इसलिए उसके दान,



**पानीपत।** जैन संत श्री आशीष मुनि व उत्तम मुनि महाराज प्रवचन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

सेवा, सहयोग आदि अच्छी प्रवृत्ति के सद् पुरुषार्थ कमजोर पड़ जाते हैं। अतः पाप करते हुए डरें, सौ बार सोचें कि इसका दुष्परिणाम क्या हो सकता है। जैसे आग में हाथ डालते वक्त मानव ड़रता है वैसे ही पाप मार्ग से ड़रते रहना, बचकर रहना, कुपथ को त्याग कर चलना ही धर्म का मार्ग है, आत्म कल्याण का मार्ग है। मत भूलिए कि दुनिया में कर्मों की मार से आज तक कोई भी नहीं बच पाया है, भले ही वह अवतारी पुरुष ही क्यों न हो। प्रवचन के प्रारंभ में तत्व चिंतक श्री उत्तम मुनि जी महाराज ने फरमाया कि मानव बड़े-बड़े भवनों में रहने से, महंगी गाड़ी में सफर करने से या बड़े पद पर प्रतिष्ठित होने से बड़ा नहीं होता बल्कि वह बड़ा तब होता है जबकि उसके जीवन में शील, संयम व सदाचार हो।

जिसकी सोच अच्छी हो, आचरण में सच्चापन हो वह व्यक्ति ही समाज में श्रेष्ठ व आदरणीय बनता है। उन्होंने एक भजन भी सुनाया : संसार के हर जीव में महावीर बसा है, दुःख दो न किसी को, यह उसी ने तो कहा है; सबसे बड़ी है जगत में दया, दान की दौलत, उपकार की दौलत, इस एहसास की दौलत; इक रहम की दौलत से यह संसार बसा है।

### प्राकृतिक खेती को अपनाएं किसान

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से गांव सिवाह और कालखा में प्राकृतिक खेती को लेकर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के एसडीओ देवेंद्र कुहाड़ ने बताया कि किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हर खंड पर दो किसान गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कुहाड ने एसडीओ ने कहा कि रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का प्रयोग करने से मिटटी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती जा रही है और इसके साथ रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग से जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मृदा प्रदूषण प्रतिदिन बढ़ रहा है। इसको लेकर कृषि भूमि को बचाने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाने की आवश्यकता है।

# राजेश पायलट को जयंती पर श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।

पानीपत के गांव छाजपुर खुर्द में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता स्व. राजेश पायलट की 80वीं जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए किसान संगठन के नेता मोनू रावल ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.राजेश पायलट ने हमेशा किसानों के हितों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने सरकार से किसानों को मिलने वाली सभी जरूरी सुविधाएं दिलवाने में अहम भूमिका अदा की थी। किसान



**पानीपत।** गांव छाजपुर खुर्द में किसान नेता स्व. राजेश पायलट को श्रद्धांजलि देते ग्रामीण।

परिवार में जन्मे स्वर्गीय राजेश पायलट किसानों के दर्द को भली-भांति समझते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में किसानी के अंदर आने वाली सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरकार से उन समस्याओं का समाधान कराने में विशेष भूमिका निभाई। इस मौके पर सतपाल रावल, राजेन्द्र रावल,रोहित रावल, अतिक्ष रावल, राजेश रावल, रिंकू रावल, कुनाल शर्मा, सचिन रावल, संजय गोस्वामी, बंसी शर्मा व सन्नी श्योराण मौजूद रहे।

# सकिमो ने केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि को ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

संयुक्त किसान मोर्चा तालमेल कमेटी जिला पानीपत प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा को केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित किसान विरोधी, राज्य सरकार विरोधी कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति प्रारूप को निरस्त करना व प्रधानमंत्री से एनडीए सरकार द्वारा हस्ताक्षरित 9 दिसंबर 2021 को संयुक्त किसान मोर्चा के साथ किए गए लिखित वादे को पूरा करने का लिखित ज्ञापन पत्र के माध्यम से अनुरोध किया।



संयुक्त किसान मोर्चा के नेता ज्ञापन दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त किसान मोर्चा तालमेल कमेटी के जिला संयोजक पूर्व भारतीय किसान यूनियन के प्रधान जयकरण कादियान, सीटू मजदूर संगठन के राज्य सचिव संयुक्त किसान मोर्चा तालमेल कमेटी के संयोजक सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डा. सुरेंद्र मलिक, सचिव राजपाल गाल्याण, एटक मजदूर संगठन जिला प्रधान पवन सैनी एडवोकेट शामिल हुए।

**परीक्षा पे चर्चा, एसडी पीजी कॉलेज में हुआ सीधा प्रसारण**

# विद्यार्थी मोबाइल का सदुपयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि जिस देश का प्रधानमंत्री देश के बच्चों के प्रति इतना संवेदनशील एवं जिम्मेदार हो, यह उस देश के विकासशील से विकसित होने की गारंटी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे मोबाइल का सदुपयोग करें। लगातार मोबाइल के इस्तेमाल से न सिर्फ हम मानसिक रूप से बीमार होते है बल्कि



एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा संबोधन करते हुए।

इससे हमारा शारीरिक विकास भी प्रभावित होता है। अवसाद और चिंता का एक कारण मोबाइल का अंधाधुंध इस्तेमाल भी है। तकनीक ने यदि एक तरफ हमारा जीवन आसान किया है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम देखते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स। फोटो :हरिभूमि

तो दूसरी तरफ इसने कई परेशानियां भी पैदा की है। विद्यार्थियों को सुबह जल्द उठने, योग करने, पौष्टीक भोजन का सेवन करने, पाश्चात खानपान व संस्कृति का त्याग कर भारत की महान संस्कृति को अपनाने, अपने धर्म के अनुसार भगवान का पूजन करने, उम्र में बड़े लोगों का सम्मान करने व छोटों का स्नेह करने की सलाह दी।

## खबर संक्षेप



### अपने अंदर लीडरशिप की क्वालिटी पैदा करें छात्र

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का स्कूल के विद्यार्थियों को लाइव प्रसारण दिखाया गया। परीक्षा पे चर्चा एक ऐसी पहल है जो हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षा देने वाले बच्चों की मन की बात को सुनना और उनके डर को निकालना है। क्योंकि बोर्ड की परीक्षाएं प्रत्येक विद्यार्थी के लिए काफी महत्वपूर्ण होती है। परीक्षा पर चर्चा 2018 से हर साल आयोजित होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। इस आयोजन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री देश भर के छात्रों के साथ बातचीत करते हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों को कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिए जैसे स्वयं को दूसरों के सामने एक उदहारण के रूप में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि हम जो दूसरों से चाहते है वह हम पहले स्वयं करें। अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई करें।

### नागरिक अस्पताल से फरार बंदी दो घंटे बाद गिरफ्तार

**अंबाला।** जगाधरी जेल से उपचार के लिए अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल के आया एक बंदी फरार हो गया। हत्या के एक मामले में पकड़े गएइस बंदी को उपचार के लिए छावनी के नागरिक अस्पताल स्थित हार्ट सेंटर में लाया गया था। हालांकि उपचार के दौरान फरार हुए इस बंदी को पुलिस ने दो घंटे के भीतर ही काबू कर लिया। बंदी की पहचान राजबीर के तौर पर हुई। आरोपी सोमवार सुबह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। पुलिस के मुताबिक बंदी राजबीर ने हथकड़ी से हाथ निकाल लिया था। इसके बाद वह शाल लेकर फरार हो गया। सुबह 9:30 बजे जब सुरक्षाकर्मियों को आरोपी बैड से गायब मिला तो पूरे अस्पताल में अफरा तफरी मच गई।

### समाधान शिविर का आयोजन किया

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर मे अपनी समस्या को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्या का त्वरित समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। नगराधीश सोमवार को डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान शिविर मे उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है।

### वर्कशॉप का किया गया आयोजन

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या खुशीला के मार्गदर्शन में कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र ढींगड़ा की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर रेनू कुमारी एवं उनकी समिति के सदस्यों द्वारा 10 दिवसीय ब्यूटीशियन वर्कशॉप का आयोजन गर्ल्स कॉमन रूम में किया गया। कार्यशाला को दो सत्र में किया गया जिसमें महाविद्यालय की विभिन्न धाराओं की लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया। ढींगड़ा ने कहा कि ब्यूटी पार्लर से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

### कृमि मुक्ति दिवस की जानकारी दी

**अंबाला।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के जिला एवं खंड स्तर के अधिकारियों को आयोजित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में जानकारी देकर सफल बनाना था। बैठक में अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए एडीसी ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए जिन भी अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# पीएम मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति के लिए दिए टिप्स

## राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

- कार्यक्रम के मुख्यातिथि एडीसी डॉ ब्रह्मजीत सिंह रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस लाइन स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त डॉ ब्रह्मजीत सिंह रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सैनी, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, विद्यार्थी तथा अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का स्क्रीन लाइव प्रसारण को देखा व सुना गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति के लिए उपायों पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चर्चा करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, ध्यान व अपनी दुविधाओं को सांझा करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अध्यापकों से विद्यार्थियों की क्षमताओं को पहचानने और उन्हें निखारने में उनके सहयोगी बनने को कहा। यहां एडीसी ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पहलूओं पर बच्चों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें बताया कि किस प्रकार से तनाव रहित रहकर बच्चें परीक्षा दें, उन सभी बातों को बच्चें ध्यान रखें तथा प्लानिंग करके अपनी परीक्षा की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि जिस विषय पर बच्चों को सबसे ज्यादा डर लगता है। बता दें कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ किया जाने वाला एक संवाद कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी विद्यार्थियों के साथ सीधे बातचीत करते हैं।



**अंबाला।** छात्रों को तनाव से मुक्ति के टिप्स देते पीएम मोदी। *फोटो: हरिभूमि*



### तकनीक के सही उपयोग अनुशासन पर चर्चा की।

पीएम श्री मोदी विद्यार्थियों को परीक्षा को एक अवसर की तरह देखने और सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने की सलाह दी। अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी उन्होंने सुझाव दिए कि वे अभिभावकों और शिक्षकों से अपेक्षा रखते हैं कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। पढ़ाई और खेल-कूद के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए समय प्रबंधन पर जोर दिया। इसके साथ ही पोषण के लिए मिलेट्स खाद्य पदार्थ अधिक सेवन करने तथा जंक फू ड से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने पर्याप्त नीद लेने व सूर्य स्नान, लीडरशीप, अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करने, लिखने की आदत डालने, हैंडराइटिंग ठीक हो, अभिभावक व शिक्षक बच्चों की क्षमता को देखते हुए उसे आगे बढने के लिए प्रेरित करने, मेडिटेशन, ध्यान केंद्रित करने, सेल्फ मोटिवेशन, तकनीक का सही उपयोग - वे डिजिटल युग में तकनीक के सही उपयोग और अनुशासन पर भी चर्चा की।

## राज्य चुनाव आयोग की ओर से चुनाव को लेकर जारी किए निर्देश

# नगर निकाय चुनावः आज से शुरू होगी नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया

### किसी भी दल ने जारी नहीं की प्रत्याशियों की सूची, डीसी ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य चुनाव के लिए मंगलवार से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हालांकि अभी तक किसी भी दल की ओर से निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की है। अगले तीन चार दिन में यह सूची जारी होने की बात कही जा रही है। उधर राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त धनपंत सिंह ने सोमवार को वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने केवाईसी पोर्टल सहित चुनाव से जुड़े अन्य पोर्टल के बारे में आरओ एवं एआरओ निर्देश देते हुए इन पोर्टल की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर जानकारी एवं सूचना साथ के साथ अपडेट होनी चाहिए, जिससे की आमजन को पोर्टल के माध्यम से जानकारी हासिल हो सकें। उन्होंने नगर निकाय चुनावों को लेकर किए गए प्रबंधों एवं व्यवस्थाओं के बारे में समीक्षा की। साथ ही चुनाव आयोग की हिदायतों एवं गाईडलाइन का पालन करते हुए नगर निकाय के चुनाव संपन्न करवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने नगर निकायों चुनाव के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आरओ व एआरओ समय रहते सभी प्रबंध एवं व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन पत्रों को जमा करवाने का कार्य 11 फरवरी से शुरू हो जाएगा जोकि 17 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम अंबबाला शहर में मेयर का उप चुनाव होना है तथा नगर परिषद् अंबाला छावनी व नगर पालिका बराड़ा का चुनाव होगा, जिसके लिए मतदान 2 मार्च को होगा तथा चुनाव परिणाम 12 मार्च को घोषित किया जाएगा।

उन्होंने ईवीएम व चुनाव में डयूटी स्टॉफ की रेंडमाइजेशन, ट्रेनिंग, पोलिंग पार्टियों से संबंधित तथा मेटिरियल मैनेजमेंट के बारे भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आरओ एवं एआरओ से इन चुनावों शांतिपूर्वक एवं सही प्रकार से संपन्न करवाने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से होनी चाहिए, जिनमें प्रमुख तौर पर बिजली, पेयजल, रैंप, शौचालयों आदि की व्यवस्थाएं ठीक प्रकार से हो, इस बारे में पहले ही निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निकायों के चुनाव व मेयर का उपचुनाव के लिए 11 फरवरी से 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोडक़र सभी कार्य दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल होगें। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे।




**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

19 फरवरी को ही चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों, मतदान केंद्रों की सूची चस्पा कर दी जाएगी। 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। 12 मार्च को सुबह 8 बजे मतगणना का कार्य शुरू होगा तथा इसी दिन मतगणना का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहजीत सिंह, रिटर्निंग अधिकारी दर्शन कुमार, बराड़ा नगर पालिका के लिए रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अमित भारद्वाज, नगर परिषद अंबाला छावनी के लिए रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम विनेश कुमार, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त दीपक सूरा व संयुक्त आयुक्त पुनीत, नगराधीश अभिषेक गर्ग, सीईओ जिला परिषद् गगनदीप सिंह, आरटीए सुशील कुमार, डीआईओ शुभम जोधा, सीएमओ डॉ. राकेश सहल, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, तहसीलदार आदित्य रंगा, तहसीलदार छावनी प्रियंका व नायब तहसीलदार सुनील, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## फोर्टिस मोहाली में रोबोट ऐडेड सर्जरी से 79 वर्षीय महिला का स्टेज 3 टॉन्सिल कैंसर का सफलतापूर्वक इलाज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चण्डीगढ़



- रोबोट ऐडेड सर्जरी कम रक्तस्राव, कम दर्द तेजी से रिकवरी को करती है सुनिश्चित

फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के हेड और नेक ऑनको-सर्जरी विभाग ने हेड और नेक कैंसर (ईएनटी कैंसर) से पीड़ित कई मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया है, जिससे उन्हें सामान्य और स्वस्थ जीवन जीने का अवसर मिला है। डॉ. कुलदीप ठाकुर, कंसल्टेंट, हेड और नेक ऑनको-सर्जरी, फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली, ने दुनिया के सबसे उन्नत चौथी पीढ़ी के रोबोट - दा विंची एक्सआई के माध्यम से ऐसे कैंसर प्रभावित मरीजों को नया जीवन दिया है। एक 79 वर्षीय महिला फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली में बाएं टॉन्सिल पर एक ठीक न होने वाली घाव के साथ आई, जो पास के तालू में फैल चुकी थी। लक्षण अधिक बिगड़ चुके थे, जिससे भोजन चबाने में कठिनाई हो रही थी। मरीज ने एक अन्य अस्पताल में बायोप्सी करवाई, जिसमें सलिवरी ग्लैंड ट्यूमर का पता चला और इसके लिए तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी। मरीज ने डॉ. ठाकुर से फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली में संपर्क किया, जहां मुंह और गले का एमआरआई जांच में स्टेज 3 टॉन्सिल ट्यूमर की पुष्टि हुई। तीन घंटे तक चली रोबोट ऐडेड सर्जरी के दौरान, डॉ. ठाकुर ने मुंह के माध्यम से ट्यूमर का व्यापक रेजेक्शन और गले से नोड्यूल्स को गले की डिसेक्शन द्वारा निकाला। मरीज की पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी सुचारू रही और सर्जरी के तीन दिन बाद उसे अस्पताल से छुट्टी मिल गई। अंतिम हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट में भी ट्यूमर की पूरी तरह से हटाने की पुष्टि हुई। मरीज अब पूरी तरह से ठीक हो चुकी है और आज सामान्य जीवन जी रही है। मामले पर चर्चा करते हुए डॉ. ठाकुर ने कहा कि यह मामला जटिल था क्योंकि इसमें टॉन्सिल और तालू शामिल थे, जो बोलने और निगलने के कार्यों के लिए महत्वपूर्ण हैं। चिकित्सा हस्तक्षेप में कोई भी देरी से ट्यूमर बढ़ सकता था, जिससे बोलने में समस्या होती और सांस लेने में कठिनाई हो सकती थी। डॉ. ठाकुर ने यह भी कहा कि एक हेड और नेक कैंसर सर्जन सबसे अच्छे चिकित्सा परिणाम प्रदान कर सकता है, जैसे कि ट्यूमर का पूर्ण रूप से निष्कासन, उचित पुनर्निर्माण और इलाज के दौरान और बाद में सबसे अच्छे संभव पुनर्वास। रोबोट ऐडेड सर्जरी के लाभों पर चर्चा करते हुए, डॉ. ठाकुर ने कहा कि परंपरागत सर्जरी में 7-10 दिनों की सामान्य अस्पताल में भर्ती की तुलना में, रोबोट ऐडेड सर्जरी से रक्तस्राव कम होता है।

### सफल सर्जरी

डॉ. कुलदीप ठाकुर ने जटिल हेड और नेक कैंसर के सर्जिकल प्रबंधन में व्यापक प्रशिक्षण लिया है। अब तक उन्होंने 1200 से अधिक सफल सर्जरी की हैं। डॉ. कुलदीप ठाकुर ट्राइसिटी में एकमात्र सुपर स्पेशलिस्ट, हेड और नेक कैंसर सर्जन हैं, जो वर्तमान में सिर एवं गले के कैंसर से पीड़ित मरीजों का समग्र रूप से उपचार कर रहे हैं।

# विद्यार्थियों ने किया आईटीआई का मुआयना

- विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और उद्यमिता के क्षेत्र में कदम रखने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर ठडियां के छात्र-छात्राओं ने आईटी/आईटीईएस के व्यवसायिक शिक्षक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), भारांपुर का दौरा किया। इस प्रेरणादायक पहल ने शिक्षा और कैरियर की वास्तविकताओं के बीच की खाई को पाटते हुए विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग ट्रेड्स की एक विस्तृत श्रृंखला से परिचित कराया। इंटरएक्टिव डेमोंस्ट्रेशन और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के माध्यम से, विद्यार्थियों ने यह अनुभव किया कि कैसे तकनीकी प्रशिक्षण उनकी शैक्षणिक समझ को और अधिक सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करता है। ऐसे अनुभवात्मक सीखने के अवसर विद्यार्थियों के भीतर एक नई ऊर्जा का संचार करते हैं, जिससे वे अपने करियर के प्रति अधिक स्पष्ट, आत्मविश्वासी और दूरदर्शी बनते हैं। राजकीय आईटीआई भारांपुर के प्रभारी विनोद सिंह शेखावत ने विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और उन्हें बताया कि कैसे यह संस्थान रेलवे, रक्षा, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के लिए कुशल पेशेवर तैयार कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और उद्यमिता के क्षेत्र में कदम रखने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपने कौशल के बल पर आने वाले समय में अग्रणी बन सकें।



**शहजादपुर।** आईटीआई का दौरा करने पहुंचे सरकारी स्कूल के छात्र।

# पुलिस के जवानों ने जीते 11 मेडल

- एसपी सुरेंद्र भौरिया ने जवानों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

6वें नेशनल मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में अंबाला पुलिस के जवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 मेडल हासिल किए। चैंपियनशिप का आयोजन केरल राज्य के त्रिशूर में किया गया था। चैंपियनशिप में दस जवानों ने विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सेदारी की थी। इनमें एसआई बलदेव सिंह, शमशेर सिंह, जय सिंह, कुलविंद्र सिंह, महिला एसआई कविता देवी, सरोज देवी, एएसआई अनिल कुमार, सतीश कुमार, रजनी, महिला मुख्य सिपाही अनिता देवी ने भी हिस्सा लिया था। इन खेलों में पुलिस खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी आयुवर्ग में उत्साहपूर्वक प्रतिभा दिखाते हुए 2 गोल्ड , 3 सिल्वर व 6 कांस्य पदक भी प्राप्त किए। इससे पहले भी नेशनल व अन्य खेलों में एसआई बलदेव सिंह, जय सिंह, शमशेर सिंह, अनिल कुमार , रजनी, महिला मुख्य सिपाही अनिता देवी ने पुलिस के लिए मेडल प्राप्त कर अंबाला का नाम रोशन किया है।



**यमुनानगर।** जवानों को सम्मानित करते एसपी। *फोटो: हरिभूमि*

## गुरु रविदास कवि होने के साथ-साथ समाज सुधारक भी थे

# गाजे-बाजे के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

श्री गुरु रविदास महाराज के 648वें जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जनकल्याण सभा द्वारा गुरु रविदास मंदिर मोती नगर में नगर कीर्तन (शोभा यात्रा) निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर सर्वप्रथम संत शिरोमणी गुरु रविदास महाराज के मंदिर में माथा टेका। इससे पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर जनकल्याण सभा के चेयरमैन सूबेदार राजपाल, प्रधान बंटी कुमार, मेला प्रबंधक भीम राय व अन्य सदस्यों ने मुख्यअतिथि का मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर सिरोपा भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। सीएम के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी ने उपस्थित सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा संगत को संत शिरोमणी गुरू रविदास महाराज के प्रकाशोत्सव की बधाई देते कहा कि गुरु रविदास महाराज के जीवन से हमें सच्चाई, समरसता, भक्ति-प्रेम व दूसरों से बैर भाव न रखना और मन व विचारों को स्वच्छ रखने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा भी है मन चंगा तो कठौती में गंगा। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणी गुरू रविदास एक कवि होने के साथ-साथ समाज सुधारक भी थे।



**अंबाला।** सीएम के राजनैतिक सचिव तरुण भंडारी को सिरोपा देकर सम्मानित करते हुए प्रबंधक। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इसके उपरांत मुख्यअतिथि द्वारा रिबन काटकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा लायलपुर बस्ती, मानव चौक, सिंघावाला, सोनिया कॉलोनी, रंजीत नगर से होते हुए मोती नगर गुरु रविदास जी मंदिर में पहुंची। इस मौके पर भाजपा युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष बिंद्र गुर्जर, मुकेश सिंगला व उप प्रधान फकीरचंद, सचिव संदीप राठौर, कोषाध्यक्ष राजपाल, सजीव कुमार, हैप्पी कुमार, प्रचारक विनोद कुमार के साथ सभा के अन्य सदस्यगण मोजूद रहे।



## संत गुरु रविदास की शिक्षाएं संपूर्ण समाज के लिए आदर्श

**बराड़ा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 648वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बिजली बोर्ड (अधोया परिसर) में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी ज्योति प्रचंड विशाल सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। संगत ने श्रद्धा भाव से लंगर ग्रहण किया और गुरु जी की शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान उपमंडल अधिकारी विशाल सैनी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संत गुरु रविदास संपूर्ण समाज के लिए आदर्श हैं। उन्होंने मानवता को सच्चे धर्म और समानता का संदेश दिया। हमें उनके उपदेशों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में बिजली बोर्ड के समस्त कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।